हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 298 देहरादून, सोमवार, 22 मई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



मेरी लाईफ, मेरा स्वच्छ शहर कार्यक्रम का हुआ नगर निगम देहरादून मे शुभारंभ

3

# श्री हेमकुंट साहिब तथा लोकपाल तीर्थ लक्ष्मण जी मंदिर के कपाट खुले

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 22 मई : प्रसिद्ध गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब की यात्रा शुरू हो गयी है। दस बजे ₹जो बोले सो निहाल सत अकाल₹ के उद्घोष के बीच गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब के द्वार खुल गये है। कपाट खुलने के बाद हजारों श्रद्धालुओं ने अरदास की तथा गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा हेमकुंट साहिब ट्रस्ट के पदाधिकारी गण तथा हजारों श्रद्धालुगण मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि हेमकुंड साहिब के लिए भी श्रद्धालुओं हेतु पंजीकरण अनिवार्य है मार्ग में अभी भी बर्फ जमी है सेना ने बड़ी मशक्कत के बाद हेमकुंड साहिब तक पहुंचने का मार्ग बनाया है।

17 मई को हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा ऋषिकेश से राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल अवकाश प्राप्त गुरमीत सिंह जी तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंज प्यारों तथा निशान साहिब को रवाना किया था। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, वन मंत्री सुबोध उनियाल, शहरी विकास मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल गुरुद्वारा श्री हेमकुंड ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सरदार नरेन्द्र जीत सिंह बिंद्रा, सरदार सेवा सिंह आदि मौजूद रहे। बीते शुक्रवार को जत्था घांघरिया पहुंचा था तथा आज सुबह घांघरिया से कपाट खोलने हेतु हेमकुंड पहुंच गया। हेमकुंट साहिब के निकट आज ही प्रसिद्ध लोकपाल तीर्थ लक्ष्मण जी मंदिर के कपाट भी खुल गये है।



# प्रदेश भाजपा कार्य समिति की बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री पुष्कर धामी

## कहा- निस्वार्थ सेवा ही रहा है हमारे संगठन का संकल्प

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, ब्यूरो रिपोर्ट। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि निस्वार्थ सेवा ही हमारे संगठन का संकल्प रहा है और ये हमारी कार्यशैली व संस्कारों से प्रतिबिंबित भी होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिशा निर्देशन में एक ओर जहां भारत राष्ट्रीय स्तर पर विकास की नई-नई ऊंचाईयों को छू रहा है, वहीं वैश्विक स्तर पर एक सशक्त, सामर्थ्यवान और आत्मनिर्भर देश के रूप में नई पहचान प्राप्त कर रहा है।मुख्यमंत्री धामी ने शनिवार को सर्वे ऑडिटोरियम हाथीबडकला में प्रदेश भाजपा कार्य समिति की बैठक में प्रतिभाग किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्वर्णिम कालखंड भारत की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक चेतना के पुनरोत्थान का कालखंड है और आज का नया भारत पुनः विश्वगुरु के स्थान पर आरूढ़ होने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज सनातन का जयघोष चारों दिशाओं में सुनाई दे रहा है। पूरे विश्व में सनातन सभ्यता का परचम लहरा रहा है और उसके ध्वजवाहकों व तीर्थों का सम्मान किया जा रहा है। आज हमारे पौराणिक मंदिरों और तीर्थ स्थानों का इतिहास और महत्व उसी गौरव के साथ प्रदर्शित किया जा रहा है जिसके साथ इसे किया जाना चाहिए था। हमारे मंदिरों और देव स्थानों की उपेक्षा की गई, सनातन पद्धतियों का उपहास उड़ाया गया। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अभूतपूर्व गति से भारत का सांस्कृतिक पुनरुत्थान हो रहा है।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज भारत की अस्मिता के प्रतीकों, हमारे ऋषियों और धर्म गुरुओं, हमारी सांस्कृतिक धार्मिक-धरोहरों को जिस प्रकार से संरक्षित व संवर्धित किया जा रहा है इसकी व्याख्या शब्दों में संभव नहीं है। यह कालखंड भारत की सांस्कृतिक-आध्यात्मिक चेतना के उन्नयन की दृष्टि से स्वर्णिम कालखंड है। कोरोना महामारी के दौरान सम्पूर्ण विश्व ने




इस उभरते हुए नए भारत की शक्ति को नजदीक से देखा और जाना। जब विदेशों को भारत द्वारा बनाई गई वैक्सीन प्रदान कर रहे थे, तो उन्हें दिए जाने वाली वैक्सीन के हर डिब्बे में लिखा रहता था ''सर्वे संतु निरामयाः'' अर्थात सभी निरोगी होएं। यही तो हमारी राष्ट्रनीति है, जहां ''स्वः'' के साथ-साथ ''सर्व'' के कल्याण की भी कामना की जाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गौरवमय मार्ग को प्रशस्त करने के लिए जिस ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास और सबका प्रयास'' का मंत्र दिया है उसने देश की राजनीति की दिशा और दशा को बदलने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारंभ की गई गरीब कल्याण योजनाओं ने अंतिम पायदान पर खड़े हुए प्रत्येक व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है।सीएम ने कहा कि वर्तमान में उत्तराखंड की पाँचों लोकसभा




सीटों पर हमारे सांसद हैं, 2024 के चुनावों में हमारा संकल्प इन पाँचों सीटों पर विजय प्राप्त करना ही नहीं है बल्कि पिछले सारे रिकार्ड तोड़ते हुए एक नए इतिहास की रचना करना भी है। हमें 2024 के इस पुण्य अभियान में ठीक उसी तरह जुटना है जिस प्रकार भगवान श्रीराम के संकल्प की पूर्ति के लिए नल, नील, सुग्रीव, जामवंत, हनुमान व लक्ष्मण ही नहीं बल्कि एक छोटी सी गिलहरी भी पूर्ण समर्पण के साथ कार्य में जुटी हुई थी। 22 वर्ष का युवा उत्तराखंड अब एक नए जोश और एक नई उमंग के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है।उन्होंने कहा कि देश में नोटबंदी लागू कर काले धन पर चोट करना हो, कश्मीर से धारा-370 हटाने जैसा ऐतिहासिक कार्य हो, देश में जीएसटी जैसा कानून लागू करना हो, पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक कर उसके दांत खट्टे करना हो या कोरोना काल का दुर्भाग्यशाली लॉकडाउन हो, देश की जनता हमेशा प्रधानमंत्री के साथ खड़ी रही। देश में दशकों से गरीबी हटाओं के नारे तो खूब दिए गए लेकिन गरीबी हटाने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया।

# गर्मियों में बढ़ता फंगल इंफेक्शन का खतरा ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





ब्यूरो रिपोर्ट 22 मई : गर्मी के मौसम में एलर्जी के साथ ही फंगल इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। जिला अस्पताल के त्वचा रोग विशेषज्ञ डा. एसपी सिंह के अनुसार फंगल इंफेक्शन का सबसे बड़ा कारण शरीर के विभिन्न हिस्सों में पसीना है। यह पसीना मरता है तो शरीर के उस हिस्से में नमी हो जाती है। इसी से फंगल इंफेक्शन होता है। इस तरह की समस्या से बचाव के लिए सबसे आवश्यक यह है कि गर्मी के सीजन में ढीले ढाले वस्त्र पहनें का इस्तेमाल करते रहना चाहिए। कई बार लोग फंगल इंफेक्शन होने पर चिकित्सक से सलाह लिए बगैर सीधे मेडिकल स्टोर से कोई भी क्रीम खरीदकर इस्तेमाल कर लेते हैं।

इससे उन्हें फौरी तौर पर तो आराम मिल जाता है लेकिन त्वचा की प्रतिरोधक क्षमता घटती जाती है। इससे बार-बार इंफेक्शन होने लगता है। फंगल इंफेक्शन होने पर चिकित्सक की सलाह से ही दवा लेना बेहतर है। उन्होंने कोरोना से बचाव के लिए सही तरीके से मास्क लगाने के लिए भी जागरूक किया। कहा कि मास्क को इस तरह से लगाना चाहिए कि कहीं से भी हवा पास न हो सके। मास्क भी ऐसा हो जो कई परतों वाला होना चाहिए।

सवाल : मेरी मां के गर्दन के पिछले हिस्से में काफी समय से दाद है। काफी समय से दवा ले रहे लेकिन ठीक नहीं हो रहा है।मोहम्मद उजैब, खमरिया पंडरी ,जवाब : यह फंगल इंफेक्शन हो सकता है या धूप से एलर्जी के कारण है। देखने के बाद ही सही सलाह दी जा सकती है। सवाल : दाद बार-बार हो जाता है। दवा लगाने पर ठीक हो जाता है,लेकिन फिर समस्या आ जाती है। सुरेश गुप्ता, बीसलपुर ,जवाब : फिलहाल उसमें क्लोट्रीमाजोल क्रीम लगाएं। खुद से इलाज न करें बल्कि किसी दिन अस्पताल आकर दिखा लें। सवाल : एलर्जी की समस्या है। छोटे-छोटे दाने निकल आते हैं। गर्मी से मौसम में यह समस्या ज्यादा रहती है। संतआरा, अमरिया , जवाब : आपको स्केबीज की बीमारी है। ऐसे में पांच प्रतिशत वाला परमेथिन लोशन लगाएं। सारे कपड़ों को आधा घंटे तक गर्म पानी में उबाल लें।

सुखाने के बाद फिर उन कपड़ों का इस्तेमाल करें। फिर भी समस्या रहे तो अस्पताल आकर दिखा लें सवाल : त्वचा पर छोटे-छोटे दाने निकल आते हैं। चेहरे पर नाक और माथे पर यह समस्या रहती है। प्रतीक्षा, बीसलपुर , जवाब : ये पिपल्स हैं। इन्हें दबाना नहीं है, वरना समस्या बढ़ सकती है। ये 13 से 25 साल तक की उम्र में अधिक होता है। चेहरे को साफ रखें। एक बार अस्पताल में आकर दिखा लें।सवाल : होली पर रंग लग गया। कई दिन हो गए, छूट नहीं रहा है। श्रीकृष्ण, बरखेड़ जवाब : जितनी जल्दी हो सकें, रंग को छुड़ाएं। इसके बाद कोई माश्चराइजर लगा लें। फिर एक बार आकर दिखाएं।

# वीसी एमडीडीए बंशीधर तिवारी का दौरा,G-20 के लिए तैयार हुआ मुनि-की-रेती और लक्ष्मण झूला क्षेत्र



न्यूज़ वायरस नेटवर्क



24-25 मई को नरेंद्रनगर में होने जा रही दूसरी जी-20 बैठक के लिए मुनि-की-रेती और लक्ष्मण झूला क्षेत्र पूरी तरह से सज-धज कर तैयार हो चुका है। विदेशी मेहमान गंगा जी की शाम की आरती में शामिल होंगे तो कल-कल बहती गंगा के बीच उन्हें एक अलौकिक अनुभूति होगी।शनिवार को उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी ने मुनि की रेती और लक्ष्मण झूला क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिये। इस पूरे क्षेत्र को बड़ी खूबसूरती और कलात्मक तरीके से सजाया गया है। यूं तो माँ गंगा के पावन तट पर आम दिनों में भी अलग अनूभूति का अहसास होता है लेकिन जी-20 में प्रतिभाग करने आ रहे विदेशी मेहमानों को उत्तराखंड की संस्कृति से रूबरू कराने के भी पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। जानकी सेतु पर जहां बजरंग बली जी की भव्य आकृति मेहमानों को आकर्षित करेगी तो गंगा घाटों पर लगी रेलिंग इत्यादि की भी साज-सज्जा अपनी ओर आकर्षित कर रही है। जी-20 के लिए सबसे पहले मेहमान देहरादून के जॉलीग्रांट एयरपोर्ट आयेंगे। यहां एयरपोर्ट के अंदर और बाहर उन्हें उत्तराखंड की संस्कृति के दीदार कराने के लिए दीवारों पर सुंदर आकृतियां उकेरी गई हैं तो एयरपोर्ट में लैंडस्केप आदि के कार्य भी नए सिरे से किये गए हैं। एयरपोर्ट से नरेन्द्र नगर जाने वाले मार्ग को भी सलीके से सजाया गया है। इसी तरह पौड़ी के मुनि की रेती और लक्ष्मण झूला में भी नए सिरे से साज-सज्जा की गई है। गंगा के बीच स्थित महादेव की प्रतिमा भी आकर्षण का बड़ा केंद्र होगी।

# देहरादून में देख सकेंगे गणतंत्र दिवस परेड में प्रथम पुरस्कार प्राप्त उत्तराखण्ड की झांकी 'मानसखण्ड'

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाली उत्तराखण्ड की झांकी 'मानसखण्ड' को सम्पूर्ण उत्तराखण्ड भ्रमण के पश्चात गढ़ी कैण्ट स्थित संस्कृति विभाग के हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र परिसर में स्थायी रुप से स्थापित कर दिया गया है। इस झांकी को प्रदेश की आम जनता के अवलोकनार्थ प्रदेश के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर डेढ़ माह तक पूरे प्रदेश में भ्रमण कराया गया था, जिसका शुभारम्भ मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा मुख्यमंत्री आवास से दिनांक 05 अप्रैल, 2023 को किया गया था। मुख्यमंत्री ने इस झांकी को गढ़ी कैण्ट स्थित संस्कृति विभाग के हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र परिसर में संरक्षित रखने के निर्देश दिये थे। इस झांकी के अग्र तथा मध्य भाग में कार्बेट नेशनल पार्क में विचरण करते हुए हिरन, बारहसिंघा, घुरल, मोर तथा उत्तराखण्ड में पाये जाने वाली विभिन्न पक्षियों व झांकी के पृष्ठ भाग में प्रसिद्ध जागेश्वर मन्दिर समूह तथा देवदार के वृक्षों को दिखाया गया था, साथ ही कुमांऊ की प्रसिद्ध लोक कला 'ऐपण' का भी झांकी में समावेश किया गया था। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2021 में गणतंत्र दिवस परेड में तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाली उत्तराखण्ड की झांकी 'केदारखण्ड' को भी इसी परिसर में स्थापित किया गया है। भविष्य में प्रदेश की आम जनता द्वारा इन झांकियों का अवलोकन कभी भी किया जा सकता है।



# मेरी लाईफ, मेरा स्वच्छ शहर कार्यक्रम का हुआ नगर निगम देहरादून मे शुभारंभ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 22 मई : नगर निगम देहरादून द्वारा मेरी लाईफ, मेरा स्वच्छ शहर कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम हॉल पर आज किया गया। महापौर श्री सुनील उनियाल गामा जी एवं नगर आयुक्त श्री मनुज गोयल जी द्वारा RRR Centre ( रिसाइकल, रिड्यूस, रीयूज ) का उद्धघाटन कर इसकी शरूआत की गई। बड़ी संख्या मे आज लोगों के द्वारा यहाँ अपना पुराना सामान भी दिया गया। मनुज गोयल जी द्वारा कहा गया कि इन केंद्रों में नागरिक अपने घरों में उपयोग योग्य कपड़े, पुरानी किताबें और स्टेशनरी, खिलौने, फर्नीचर, जूते, बैग और इलेक्ट्रॉनिक सामान आदि जैसे अतिरिक्त सामान जमा कर सकते हैं। उनके मुताबिक शहरवासियों को घर में अतिरिक्त सामान निपटाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, उक्त केंद्र उनकी सुविधा के लिए काफी फायदेमंद साबित होगे। वहीं कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति इन केंद्रों में एकत्रित सामान को अपनी जरूरत के हिसाब से ले जा सकता है। लोगों को अपनी पुरानी चीजें यहां देने की अपील भी की गयी। पुरे भारत वर्ष मे इसका शुभारम्भ किया जा रहा है और 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर सफाई अभियान किया जाएगा साथ ही शहर भर मे लोगो को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम भी किए जायेंगे।







माननीय महापौर श्री सुनील उनियाल गामा जी द्वारा सभी को स्वच्छता शपत भी दिलाई गयी एवं ये भी कहा गया की जो चीज आपके लिए उपयोगी नहीं हो सकती वह हो सकता है की किसी और के लिए बहुत उपयोगी हो तो सभी कोशिश करे की इस अभियान से जुड़ उन् सभी की मदद को आगे आए और दान कर दुसरो को भी ख़ुशी दे। नगर निगम द्वारा पुरे शहर मे 50 RRR केन्द्रो की भी स्थापना की गयी है ताकि लोगो को असुविधा न हो और वह अपना अनुपयोगी कपड़े, जूते/चप्पल, खिलौने, ठोस प्लास्टिक और इलेक्ट्रॉनिक सामान आदि दान स्वरुप दे सके।स्वयं सहायता समूह जिसमे संरक्षण समिति , सहेली ट्रस्ट, सांख्ययोग फाउंडेशन, अपेक्षा समूह, आकृति स्वयं सहायता समूह को ररर पोस्टर भी प्रदान किये गए। आज के इस अभियान मे स्वयं सेवियों को साथ जोड़ने के लिए एक एप भी लांच किया गया।RRR केंद्र को बनाने के लिए प्लास्टिक कचरे से निर्मित टेबल, कुर्सी ,लैंप ,बीन आदि का प्रयोग किया गया है और लोगो से इस के माध्यम से अपील भी की गयी है की वह अपने कचरे को अलग करे ताकि इस प्रकार की वस्तुओ का निर्माण हो सके। इस कार्यक्रम मे सहायक नगर आयुक्त शांति प्रसाद जोशी, पार्षद मनुज कौशिक , राकेश डंगवाल , वेस्ट वारियर्स संस्था से नवीन कुमार सडाना , मितली रावत आदि उपस्तिथ रहे.

# विश्वनाथ जगदीशिला डोली रथयात्रा का जखोली में स्वागत



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग। 24वीं विश्वनाथ मां जगदीशिला डोली यात्रा का जखोली पहुंचने पर ग्रामीणों ने पारम्परिक वाद्ययंत्रों की थाप एवं पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया है। यात्रा के जखोली ब्लाक संयोजक नागेन्द्र इंका बजीरा के प्रधानाचार्य शिव सिंह रावत,ब्लाक प्रमुख प्रदीप थपलियाल,पूर्व प्रधान विजेन्द्र मेवाड़,आचार्य विनोद थपलियाल, धूम सिंह रावत,हयात सिंह राणा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। कुमाऊं मंडल के साथ ही यमनोत्री व गंगोत्री धाम भ्रमण से जखोली के नगदेऊ मंदिर में रात्रि विश्राम के लिए पहुंची यात्रा के संयोजक पूर्व शिक्षा मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने भक्तों से कहा कि इस बार डोली रथयात्रा उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों के भ्रमण के साथ प्रदेश के चारों धामों का दौरा कर रही है। उन्होंने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य विश्व शांति स्थापना के साथ ही उत्तराखंड में हजार धामों की स्थापना करना है। जखोली में यात्रा की अगुवानी करते हुए प्रधानाचार्य शिव सिंह रावत, पूर्व प्रधान विजेन्द्र सिंह मेवाड़,आचार्य विनोद थपलियाल, सतीश राणा, सुनील नेगी, भरत चौहान आदि ने रथयात्रियों का स्वागत किया है। वहीं ग्राम कपणियां में भी यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। विदित है कि पूर्व मंत्री नैथानी के नेतृत्व में यह देवी यात्रा प्रत्येक वर्ष पूरे राज्य में निकाली जाती है। यात्रा का समापन गंगा दशहरा के दिन टिहरी के घनसाली ब्लाक के हन्दिाव पट्टी के विशोन पर्वत पर समारोहपूर्वक होता है। इसमें हज़ारों भक्त मां जगदीशिला डोली का विसर्जन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर महिला मंगल दल जखोली ने मन्दिर में कीर्तन भजन संध्या आयोजित की है।

## संक्षिप्त खबरें

### सीएचसी अगस्त्यमुनि में आ अल्ट्रासाउन्ड मशीन का विधिवत रूप से शुभारंभ

रुद्रप्रयाग। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि में अल्ट्रासाउन्ड मशीन का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। केदारनाथ विधायक श्रीमती शैलारानी रावत के अथक प्रयासों से यह संभव हो पाया। जिससे क्षेत्रीय जनता को इसका लाभ मिल पाएगा। कार्यक्रम में विधायक केदारनाथ को उपस्थित होना था परन्तु देहरादून में आवश्यक होने के कारण वो उपस्थित नही हो सकी ।जिससे विधायक प्रतिनिधि के रूप में बिक्रम सिंह नेगी द्वारा अल्ट्रासाउण्ड मशीन का विधिवत उद्घाटन किया गया। श्री नेगी ने बताया की विधायक शैलारानी रावत के अथक प्रयासों से केदारनाथ क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को धीरे धीरे विकसित किया जा रहा है ।इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्तमुनि में दो ओपीडी कक्षों एवम एक पंचकर्मा कक्ष के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है एवम रिक्त चिक्तिशा विशेषज्ञों पदों पर नियुक्ति व अन्य संसाधनों हेतु विधायक लगातार प्रयासरत हैं ।जिससे क्षेत्रवासियों को उचित स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके ।इस अवसर पर मुख्य चिकितिषाधिकारी डॉ0 एच एस सी मर्तोलिया, डॉ0 आशुतोष, डॉ0 विशाल बर्मा रेडियोलाजिस्ट डॉ0 राजीव,फार्मेसिस्ट डी एल मंगवाल व्यापार संघ अध्यक्ष नवीन बिष्ट,उमेश भट,हीरा नेगी ,विजयपाल रावत सहित तमाम अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

### ईमानदारी की मिशाल पेश की,श्रद्धालु का पर्स सकुशल लौटाया

रुद्रप्रयाग। 20/21 मई की रात्रि को एक श्रद्धालु सनी मनोज निवासी शिव मंदिर पुणे, महाराष्ट जो अपने परिवार के साथ केदारनाथ धाम दर्शन करके वापस लौट रहे थे। रास्ते में अल्प विश्राम करते हुए यात्रा पड़ाव बड़ी लैंचोली में इनकी पत्नी का लेडीज हैंड पर्स छूट गया था, जिसकी जानकारी इनको भीमबली पहुंचने पर हुई। ये लोग भीमबली पुलिस चौकी पर गये, जहां पर इनके द्वारा अपनी आपबीती सुनाई गयी। पुलिस ने इनकी समस्या सुनकर सूचना चौकी लैंचोली भिजवायी गयी। अब यह भी नहीं कह सकते कि बैग सुरक्षित है भी कि, नहीं। वास्तविक तौर पर ये कहाँ पर रुके होंगे, इतना अंदाजा तो इन श्रद्धालुओं को भी नहीं था। फिर भी चौकी लैंचोली पुलिस ने अपने स्तर से ढूंढखोज व पूछताछ की तो सौभाग्य से लैंचोली में स्थानीय दुकानदार ने उक्त पर्स को सुरक्षित अपने पास रखा था, और इसी इन्तजारी में थे कि कोई न कोई इसे लेने तो आयेगा, नहीं तो कुछ देर बाद पुलिस चौकी के सुपुर्द करने ही वाले थे कि पुलिस चौकी लैंचोली का स्टाफ खुद ही उन तक पहुंच गया। खैर बैग तो मिल ही गया था, पर समय ऐसा था कि आवाजाही न के बराबर थी। श्रद्धालु का भी तकरीबन 5 कि0मी0 वापस जा पाना नामुमकिन सा था। ऐसे में चौकी भीमबली में नियुक्त आरक्षी नवीन ने जीवटता का परिचय दिखाते हुए लैंचोली के लिए रवाना होकर, तकरीबन 10 कि0मी0 (आना जाना सहित) पैदल चलकर पर्स को सुरक्षित भीमबली लाया गया। तदोपरान्त पर्स को श्रद्धालु के सुपुर्द किया गया। इस पर्स में इनके 3 मोबाइल फोन, नगद पैसे, जरूरी कागजात थे, जो कि इनको सुरक्षित मिले। इनके द्वारा उत्तराखण्ड पुलिस का आभार प्रकट किया ।

# सीएम धामी की मौजूदगी में राजा जी टाइगर रिज़र्व में बाघिन को छोड़ा गया

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 22 मई : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव एवं प्रदेश के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने मोतीचूर रेंज में राजाजी नेशनल पार्क का भ्रमण किया।

इस अवसर पर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र से लाए गई एक बाघिन को राजाजी टाइगर रिजर्व के मोतीचूर वन क्षेत्र में बाड़े से छोड़ा गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राजाजी नेशनल पार्क का यह क्षेत्र पर्यटन हब बने, लोग यहां के प्राकृतिक सौंदर्य को देखने आए, इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। आज राजाजी नेशनल पार्क के मोतीचूर रेंज में एक बाघिन को छोड़ा गया है। इकोलॉजी और इकोनॉमी में संतुलन बनाए रखने एवं पर्यावरण के संरक्षण और संवर्द्धन की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक अनूप मलिक, मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक समीर सिन्हा उपस्थित थे।






# देहरादून : अब सड़क पर गड्ढे दिखते ही इस एप पर भेजिए फोटो, सरकार तुरंत लेगी एक्शन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 22 मई : भारत की सड़कों और उन पर पड़ने वाले गड्ढों का जन्म जन्मांतर से नाता रहा है। कई बार तो सड़क बनने से पहले ही गड्ढे सड़कों पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा देते हैं। उत्तराखंड की सड़कों के भी कुछ ऐसे ही हाल हैं। जगह जगह पर हमें गड्ढों के दर्शन हो जाते हैं। मगर इसका एक ठोस सलूशन उत्तराखंड सरकार लेकर आई है जो कि बेहद शानदार है और स्थाई सलूशन है। अब जनता खुद सरकार को दिखा पाएगी कि किस जगह सड़कों पर गड्ढे हैं। कहीं पर भी आसपास गड्ढा युक्त सड़क दिखाई देती है तो उसकी फोटो खींचने और फोटो को सरकार के पैच रिपोर्टिंग एप्प पर अपलोड कर सकते हैं। उत्तराखंड सरकार के इस रिपोर्टिंग एप्प का निर्माण किया है जिसमें आम जनता उत्तराखंड की खराब सड़कों की फोटो सीधा सरकार को भेज सकती है। उसके बाद सरकार तुरंत एक्शन लेगी और उन गड्ढों को ठीक करवाएगी। बीते दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एप्प का शुभारंभ किया और कहा कि सरकार को इस तरह का यह पहला प्रयोग है। इसके माध्यम से अब कोई भी व्यक्ति अपने आसपास सड़कों के गड्ढों की फोटो खींचकर पूरी जानकारी के साथ इस एप्लीकेशन पर दर्ज करा सकेगा और उस सड़क की मरम्मत हो जाने के बाद शिकायतकर्ता को एप्लीकेशन पर ही सड़क की फोटो पूरी जानकारी के साथ भेज दी जाएगी।सीएम धामी ने एप्लीकेशन लॉन्च के समय कहा कि इस एप्लीकेशन के माध्यम से प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने में काफी मदद मिलेगी। स्थान की सूचना खुद ही अधिकारियों तक पहुंचेगी। प्रदेश में सड़कों को गड्ढा मुक्त करने में सहयोग करने वाले यह मोबाइल एप्लीकेशन लोनिवि की ओर से विकसित किया गया है।





# उत्तराखंड बोर्ड परीक्षार्थी ध्यान दें 25 मई को आ सकता है रिजल्ट ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 22 मई : हमारी अगली खबर उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षा दे चुके छात्रों की धड़कनें बढ़ाने वाली है। परीक्षा खत्म होने के बाद रिजल्ट का इंतजार कर रहे छात्रों के लिए एक जरूरी सूचना है। बोर्ड सूत्रों के अनुसार रिजल्ट जल्द ही घोषित किया जाएगा, इसके लिए डेट भी सामने आ गई है। उत्तराखंड बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा का रिजल्ट 25 मई को आ सकता है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने रिजल्ट जारी करने की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। बता दें कि उत्तराखंड बोर्ड की लिखित परीक्षाएं 16 मार्च 2023 से छह अप्रैल 2023 तक हुई थीं। हाईस्कूल की परीक्षा में एक लाख 32 हजार से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया था। जबकि इंटरमीडिएट परीक्षा में एक लाख 27 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। परीक्षा के लिए राज्यभर में 1253 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।उत्तराखंड बोर्ड का प्रयास है कि जल्द से जल्द रिजल्ट घोषित किया जाए, ताकि जुलाई से नया शैक्षिक सत्र शुरू हो सके।





छात्रों के लिए एक और जरूरी सूचना है। उत्तराखंड बोर्ड की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में फेल छात्र-छात्राओं को पास होने के तीन अवसर दिए जाने का निर्णय लिया गया है।

मंत्रिपरिषद की बैठक में निर्णय लिया गया कि 10वीं में दो विषय और 12वीं में एक विषय में फेल छात्र-छात्रा को पास होने के तीन अवसर दिए जाएंगे। इसके अलावा पास छात्र-छात्राओं को भी अंक सुधार का एक अवसर दिया जाएगा। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक बोर्ड परीक्षा परिणाम आने के बाद फेल छात्र-छात्राओं को पास होने का पहला अवसर परीक्षा परिणाम आने के ठीक बाद दिया जाएगा। सरकार के इस फैसले से औसतन 40 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं को पास होने का अवसर मिल सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### पितृकुंड से भैरवनाथ मन्दिर क्षेत्र तक सफाई अभियान चलाया

रुद्रप्रयाग । श्री केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों को साफ-स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो इसके लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायतों एवं सुलभ इंटरनेशनल को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों को साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर कोई परेशानी एवं असुविधा न हो। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत केदारनाथ चंद्रशेखर चौधरी ने अवगत कराया कि जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में नगर पंचायत केदारनाथ द्वारा आज पितृकुंड से भैरवनाथ मन्दिर क्षेत्र तक सफाई अभियान चलाया गया । उन्होंने बताया कि सफाई अभियान के दौरान क्षेत्र के आसपास से लगभग 110 किलो अपशिष्ट एकत्र किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय अधिकारी (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन) दीपक गोस्वामी, सुपरवाइजर मुकेश कुमार तथा नगर पंचायत के अन्य पर्यावरण मित्र औरसुलभइंटरनेशनल के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रविवार को हुआ आकस्मिक एवं ओपीडी सहित 2309श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार

रुद्रप्रयाग। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 0 एचसीएस मार्तोलिया ने अवगत कराया है कि श्री केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे श्रद्धालुओं में यदि किसी का स्वास्थ्य खराब हो जाता है तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा तत्परता से स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उपचार किया जा रहा है जिसके लिए यात्रा मार्ग से श्री केदारनाथ धाम तक चिकित्सकों की तैनाती की गई है। चिकित्सकों द्वारा ओपीडी के माध्यम से श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया जा रहा है। उन्होंने अवगत कराया कि आज ( रविवार को) आकस्मिक एवं ओपीडी सहित 2309 ( केवल ओ0पी0डी0 1997 ) श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार कराया गया, जिसमें (ओ0पी0डी0 में 1638 पुरुष तथा 359 महिलाएं ) शामिल हैं तथा अब तक ओपीडी एवं आकस्मिक सुविधाओं सहित 42208 तथा केवल ओपीडी के माध्यम 36777 से श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया है जिसमें 30751 पुरुष तथा 6026 महिलाएं शामिल हैं।

# सूर्य ने किया वृष राशि में प्रवेश, आने वाले एक माह तक इन 5 राशियों का चमकेगा भाग्य

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



सूर्य देव को ज्योतिषशास्त्र में विशेष स्थान प्राप्त है। सूर्य देव को सभी ग्रहों का राजा कहा जाता है। सूर्य देव के शुभ होने पर व्यक्ति का सोया हुआ भाग्य भी जाग जाता है। वहीं अशुभ होने पर कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सूर्य देव ने आज मेष से वृषभ राशि में प्रवेश कर लिया है। सूर्य के वृषभ राशि में प्रवेश करने से कुछ राशि वालों का भाग्योदय हो गया है। तो कुछ राशि वालों को सावधान रहने की आवश्यकता है।

मेष राशि- मन अशांत हो सकता है, परंतु 25 मई से मानसिक शांति रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम में कमी आ सकती है। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव भी मिल सकता है। माता-पिता का सान्निध्य मिलेगा। आय में वृद्धि के योग बन रहे हैं।

वृष राशि- मन अशांत रहेगा। संयत और संतुलित रहने का प्रयास करें। 22 मई से मानसिक शांति आ सकती है। नौकरी में परिस्थितियों में सुधार होगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अधिकारियों का सहयोग भी मिलेगा।

मिथुन राशि – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परंतु मन अशांत रहेगा। आपकी मानसिक परेशानियां बढ़ सकती हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। आय की स्थिति में सुधार होगा। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

कर्क राशि- आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परंतु संयत रहें। मानसिक शांति के लिए प्रयास करें। परिवार में धार्मिक कार्यक्रम हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

सिंह राशि- किसी धार्मिक स्थान पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। परिवार में भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। धार्मिक संगीत के प्रति रूझान बढ़ सकता है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।कन्या राशि- वाणी में मधुरता रहेगी, परंतु मानसिक शांति के लिए प्रयास करें। संतान की सेहत में सुधार होगा । शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार में मांगलिक कार्य हो सकते हैं। कारोबार में ध्यान दें, कठिनाइयां आ सकती हैं। खर्च अधिक रहेंगे।

तुला राशि- शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परंतु मन अशांत भी हो सकता है। संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिल सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

वृश्चिक राशि- मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं, मगर बातचीत में संतुलित रहें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। पिता का साथ मिल सकता है। अपनी सेहत का ध्यान रखें। यात्रा पर जाने से बचें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

धनु राशि- मन शांत व प्रसन्न रहेगा। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का भी सहयोग मिल सकता है। पिता की सेहत का ध्यान रखें।मकर राशि- आत्मविश्वास तो रहेगा, परंतु संयत रहें। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। कारोबार में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी ।

कुंभ राशि- मन अशांत हो सकता है। लेकिन आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। 20 मई से मन प्रसन्न होगा। माता की सेहत में सुधार होगा। कारोबार में आने वाली कठिनाइयों का समाधान होगा, मगर यात्रा पूर्ववत ही रहेंगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी।

मीन राशि- मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार की वृद्धि में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। लाभ के अवसर भी मिलेंगे। परिवार में आपसी सद्भाव रहेगा। माता-पिता का सान्निध्य मिलेगा। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सेतु और लिंक मोटरमार्ग के निर्माण की उठाई मांग

पौड़ी। लैंसडौन विधानसभा के रिखणीखाल ब्लाक के बाड़ासैण से दुनाव तक सेतु सहित लिंक मोटरमार्ग के जल्द निर्माण की मांग उठाई गई है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता कलम सिंह रावत ने गुरुवार को डीएम कार्यालय में ज्ञापन देकर जल्द ही समस्या के हल की मांग उठाई। कहा कि पिछले लंबे समय से इस सेतु व लिंक मोटरमार्ग के निर्माण की मांग उठाई जा रही है लेकिन शासन व प्रशासन की हीलाहवाली के चलते कार्य नहीं होने से ग्रामीणों को आवाजाही में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जल्द ही बाड़ासैण से दुनाव तक सेतु सहित लिंक मोटरमार्ग के जल्द बाड़ासैण से दुनाव तक सेतु सहित लिंक मोटरमार्ग का निर्माण करने की मांग की है।

### पौड़ी शहर की समस्याएं जल्द हों हल

पौड़ी। नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति ने शहर में निर्माणाधीन पॉलीटेक्निक भवन के रुके कार्य को जल्द पूरा करने व जिला प्राधिकरण में लंबित प्रकरणों को जल्द निपटाने की मांग उठाई है। समिति ने डीएम कार्यालय में ज्ञापन देकर जल्द ही समस्याओं के हल की मांग उठाई है। समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत, सचिव गब्बर सिंह नेगी ने ज्ञापन देते हुए कहा कि शहर में पिछले लंबे समय से निर्माणाधीन पॉलीटेक्निक भवन का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। जिससे पॉलीटेक्निक भवन किराए के भवन में संचालित किया जा रहा है। कहा कि वर्तमान समय में पॉलीटेक्निक में मैकेनिकल इंजीनियरिंग ट्रेड के तहत 60 बच्चे अध्यनरत हैं। कहा कि शासन से आश्वासन मिला है कि पॉलीटेक्निक भवन निर्माण का काम पूरा होने पर यहां अन्य ट्रेड भी संचालित किए जाएंगे। वहीं, समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि जिला विकास प्राधिकरण में लंबित प्रकरण को ऑनलाइन करने के बाद भी उनका निस्तारण विभिन्न स्तरों पर लंबित है। जिससे लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जल्द ही संबंधित प्रकरणों को जल्द निपटाने की मांग की है।

### बहेड़ाखाल कैंप में 31 को होंगे राशन कार्ड ऑन लाइन

पौड़ी। ब्लाक कोट के बहेड़ाखाल में 31 मई को राशन कार्ड ऑन लाइन किए जाने के लिए कैंप का आयोजन किया जाएगा। पौड़ी के जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली ने बताया कि डीएम के निर्देशों पर यह कैंप आयोजित किया जा रहा है। जिसमें ग्राम सभा के ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, संबंधित पूर्ति निरीक्षक व ब्लाक एवं जिला पूर्ति कार्यालय के ऑपरेटर मौजूद रहेंगे। कोहली ने बताया कि इस कैम्प में राशनकार्ड ऑनलाइन करने के लिए आवेदकों द्वारा पूर्ण रूप से भरा गया राशन कार्ड जॉचपत्र, परिवार का आय प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की प्रति, सभी सदस्यों की आधार कार्ड की प्रति, मुखिया की दो पासपोर्ट साइज फोटो, सभी सदस्यों के पहचान पत्र की प्रति, मुखिया के बैंक पासबुक की प्रति तथा परिवार के गैस कनैक्शन पासबुक की प्रति भी साथ लानी होगी।

### प्रादेशिक शिल्पकार कल्याण समिति ने की संगोष्ठी

पौड़ी। उत्तराखंड भाषा संस्थान के प्रतिष्ठित गोविंद चातक पुरस्कार से सम्मानित साहित्यकार इंजिनियर बिहारी लाल दनोसी के 80वें जन्मदिवस पर प्रादेशिक शिल्पकार कल्याण समिति की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार दनोसी को सहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित भी किया। शनिवार देर शाम पौड़ी के सर्किट हाउस में प्रादेशिक शिल्पकार कल्याण समिति ने एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान साहित्यकार इंजीनियर बिहारी लाल दनोसी के साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को सराहा गया। एससी एसटी इंप्लाइज एसोसिएशन पौड़ी के अध्यक्ष जीएस कौंडल ने साहित्यकार दनोसी के जीवन पर परिचय डाला। कहा कि उनका जीवन गरीबी में बीता। वे नगर पालिका वार्ड 11 के टी स्टेट गडोली जिला पौड़ी गढ़वाल के मूल निवासी है। उनके द्वारा ने 15 किताबों का प्रकाशन किया गया। उन्हें साहित्य के क्षेत्र में कार्य करने पर कई सम्मानों से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान गणेश खुगशाल, त्रिभुवन उनियाल, रूकमणी देवी आदि को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रादेशिक शिल्पकार समिति के प्रदेश अध्यक्ष हरीश शाह व संचालन जेपी टम्टा ने किया। इस अवसर पर उनके छोटे भाई प्रेम सिंह दनोसी, पुत्री लक्ष्मी दनोसी दिनेश टम्टा, विनोद दनोसी, अनुकेत दनोसी आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड : रोडवेज यात्रियों के लिए अच्छी खबर, अब प्लास्टिक का पास बंद ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




उत्तराखंड 22 मई : रोडवेज बसों में निशुल्क या फिर रेगुलर यात्रा करने वाले किराया भोगी यात्रियों के पास अब निशुल्क बनेंगे। परिवहन निगम ने देर रात से प्लास्टिक स्मार्ट कार्ड वाले पास पर भी रोक लगा दी है। अब मोबाइल में सॉफ्ट कॉपी के तौर पर पास दिखाने से भी यात्रा की जा सकेगी। इस बाबत निगम ने कंडक्टरों के लिए भी निर्देश जारी कर दिए हैं।परिवहन निगम दो तरह के यात्रियों के लिए पास बनाता है। एक तो वे यात्री, जिन्हें निशुल्क श्रेणी में शामिल किया गया है। इन यात्रियों के मासिक पास बनवाने पर भी निगम किराया नहीं लेता। केवल उन्हें प्लास्टिक के स्मार्ट कार्ड (पास) के लिए शुल्क देना होता था। दूसरे वे यात्री, जो कि रोजाना सफर करते हैं और किराया देकर मासिक पास बनवाते हैं। इन यात्रियों को भी स्मार्ट कार्ड दिया जाता था। परिवहन निगम के महाप्र-बंधक संचालन एवं तकनीकी दीपक जैन ने बताया कि बीते दिन की रात से प्लास्टिक वाले कार्ड पर रोक लगा दी गई है। अब पास के लिए जो भी ऑनलाइन आवेदन करेगा, उसे निगम की वेबसाइट के माध्यम से ही ऑनलाइन पास डाउनलोड करने का मौका मिलेगा। इसे डाउनलोड करने के बाद मोबाइल या डिजिलॉकर में दिखाया जा सकता है। निगम का कहना है कि प्लास्टिक कार्ड का खर्च नहीं देना होगा।

अब रोडवेज के पास कॉमन सर्विस सेंटर से भी बनवाए जा सकेंगे। महाप्रबंधक दीपक जैन ने बताया कि इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही सीएससी से भी पास बनवाए जा सकेंगे। छात्रा पास, मासिक यात्रा पास, वरिष्ठ नागरिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी प्रथम पीढ़ी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पत्रकार राज्य स्तर, पत्रकार जिला स्तर, विकलांग पास सहवर्ती सहित, विकलांग पास बिना सहवर्ती, उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी, विधवा उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी और विधवा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी। सबसे पहले परिवहन निगम की वेबसाइट www.utconline.uk.gov.in पर जाएं। यहां होम पेज पर बस पास के विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद अपनी सभी जानकारियां भरने के बाद संबंधित दस्तावेज की फोटो अपलोड कर दें। पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा, जिससे पुष्टि होने पर पास की रसीद उपलब्ध हो जाएगी।विशिष्ट श्रेणी यात्री को दो से तीन कार्य दिवस में निगम मुख्यालय से सत्यापन के बाद एसएमएस के माध्यम से पास की सूचना मिलेगी। विशिष्ट श्रेणी यात्री इस पास की सॉफ्ट और हार्ड कॉपी सुरक्षित रख सकेंगे। उन्हें यात्रा के दौरान अपना फोटो पहचान पत्र या विशिष्ट श्रेणी पहचान पत्र दिखाना होगा।

# स्वास्थ्य सचिव डॉ आर. राजेश कुमार ने श्री दरबार साहिब में टेका मत्था



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 22 मई । उत्तराखंड सचिव स्वास्थ्य डॉ आर.राजेश कुमार व नर्सिंग काउंसिल उत्तराखण्ड के कुलसचिव डॉ राम कुमार ने श्री दरबार साहिब में मत्था टेका। स्वास्थ्य सचिव व कुलसचिव ने श्री महाराज जी के साथ शिष्टाचार भेंट की। उत्तराखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं व नर्सिंग सेवाओं को और बेहतर बनानेए मेडिकल शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं को अत्याधुनिक बनाने जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर श्री महंत देवेन्द्र दास जी महाराज के साथ विस्तृत चर्चा हुई।उत्तराखंड सचिव स्वास्थ्य डॉ आर. राजेश कुमार व नर्सिंग काउंसिल उत्तराखण्ड के कुलसचिव डॉ राम कुमार श्री दरबार साहिब पहुंचे।

श्री दरबार साहिब की परंपरा के अनुसार उनका स्वागत किया गया। स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के द्वारा प्रदान की जा रही गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल को स्वास्थ्य सेवाओं में राज्य सरकार को मजबूत सहयोगी बताया।डॉ राम कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में डॉक्टरों के साथ साथ नर्सिंग स्टाफ की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण हैं।

राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए डॉक्टर की कमी को पूरा करने के साथ साथ कुशल नर्सिंग स्टाफ को तैयार करना भी बड़ा लक्ष्य है। श्री महंत देवेन्द्र दास जी महाराज ने सचिव स्वास्थ्य व कुलसचिव को श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालयए श्री गुरु राम राय इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल एण्ड हैल्थ साइंसेजए स्कूल आॅफ नर्सिंग के कार्यों से अवगत कराया।

# ऋषिकेश में कच्ची शराब बेच रही थी 3 महिलाएं, हुई गिरफ्तार

**न्यूज वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश 22 मई : पहाड़ी प्रदेश उत्तराखंड की महिलाओं ने नशे के खिलाफ कई आंदोलन किए हैं, लेकिन इसी प्रदेश में अब महिलाएं नशे की तस्करी करते पकड़ी जा रही हैं। ताजा मामला ऋषिकेश के मनसा देवी क्षेत्र का है, जहां 3 महिलाएं कच्ची शराब बेचते पकड़ी गईं। आरोपी महिलाओं के पास से 70 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है। ये महिलाएं लंबे समय से शराब की तस्करी कर रही थीं।

आबकारी विभाग को सूचना मिली तो विभाग की टीम ने क्षेत्र में छापेमारी कर तीन घरों से 70 लीटर कच्ची शराब बरामद की 3 महिलाओं की गिरफ्तारी भी हुई है। जिनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया

है। कुछ दिन पहले आबकारी विभाग की इंस्पेक्टर प्रेरणा बिष्ट को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मनसा देवी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कच्ची शराब बेची जा रही है। जिसके



बाद इंस्पेक्टर प्रेरणा बिष्ट अपनी पूरी टीम के साथ संबंधित क्षेत्र में पहुंचीं और इलाके में छापा मारा। छापेमारी के दौरान 3 घरों से 70 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। मनसा देवी निवासी शीला कौर के घर से 50 लीटर व कौशल्या और कृष्णा कौर के घर से 20 लीटर शराब बरामद हुई। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने कहा कि प्रदेश में अब महिलाएं भी शराब समेत अन्य नशे की तस्करी कर रही हैं, जो कि चिंता का विषय है। क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कच्ची शराब बनाने वालों पर भी खास तौर पर नजर रखी जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### अभिनेत्री डिंपल कपाडिया ने बदरीनाथ में की पूजा

चमोली। हिंदी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री डिंपल कपाडिया ने बदरीनाथ धाम पहुंच कर भगवान बदरी विशाल के दर्शन कर पूजा अर्चना की। अभिनेत्री डिम्पल कपाडिया ने शनिवार को अपनी नातिन के साथ बदरीनाथ धाम के दर्शन कर पूजा- अर्चना की। दर्शन के उपरांत उन्होंने बीकेटीसी के कार्यालय में समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय से भेंट कर भगवान बदरी विशाल के महात्म्य की पूरी जानकारी दी । मंदिर समिति के अजेंद्र अजय ने उन्हें बदरीनाथ केदारनाथ सहित चारों धामों की सम्पूर्ण जानकारी दी। अध्यक्ष अजेन्द्र अजय ने डिम्पल कपाडिया को भगवान बदरी विशाल का प्रसाद और अंग वस्त्र भेंट किया। भगवान बदरी विशाल के दर्शन कर डिम्पल कपाडिया भाव विभोर हो गयीं। उन्होंने आम श्रद्धालु की तरह लाइन में लगकर भगवान के दर्शन किये। वे सिर पर हैट पहने थीं। इसलिए लोग उन्हें पहचान न सके। पर स्थानीय लोगों को डिम्पल कपाडिया की आस्था के धाम में सरलता , सादगी और भक्ति बहुत प्रभावित कर गयी । इस अवसर पर मंदिर समिति के उपाध्यक्ष किशोर सिंह पंवार, अधिशासी अभियंता अनिल ध्यानी, सहायक अभियंता गिरीश देवली आदि मौजूद रहे।

### पूर्व पीएम राजीव गांधी को पुण्यतिथि पर याद किया

चमोली। कांग्रेसियों ने पूर्व पीएम भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया। कांग्रेस नेताओं ने राजीव गांधी को भारत में सूचना तकनीकी क्रांति और पंचायतों में महिलाओं के आरक्षण अधिकार का अग्रदूत बताया। मौके पर बदरीनाथ विधायक राजेन्द्र भंडारी, योगेंद्र बिष्ट, आनंद सिंह पंवार, गोविंद सजवाण, युद्धवीर बत्र्वाल, ऊषा रावत, प्रकाश पुरोहित आदि मौजूद रहे।

### 70 व्यक्तियों का सत्यापन तो 11 मकान मालिकों का चालान

चमोली। चमोली के पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल के निर्देश पर जनपद क्षेत्रान्तर्गत निवासरत मजदूरों, बाहरी व्यक्तियों, फड़-फेरी, रेड़ी, ठेले लगाने वाले व्यक्तियों, किरायेदारों के शत-प्रतिशत सत्यापन किये जाने हेतु सघन अभियान चलाया गया। प्रभारी निरीक्षक कर्णप्रयाग बृजमोहन राणा के नेतृत्व में कर्णप्रयाग क्षेत्र में सत्यापन अभियान के दौरान रविवार को 70 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। इस दौरान बिना सत्यापन के किरायेदार रखने पर 11 मकान मालिकों के विरुद्ध धारा 83 पुलिस ऐक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए मौके पर एक लाख, दस हजार का जुर्माना वसूला गया।

### नोटबंदी पर उठाए सवाल

नई टिहरी। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि दो हजार के नोटों का प्रचलन बंद करने को लेकर मोदी सरकार का फैसले यह बात स्पष्ट कर दी है कि नोटबंदी सरकार का गलत कदम था। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से राणा ने कहा कि नोटबंदी को कालाधन खत्म करने के वादे के साथ लाया गया था, लेकिन यह वादा खोखला साबित हुआ। उन्होंने कहा कि काला धन नहीं आया बेरोजगारी बड़ी। गरीबी आई और देश का अर्थतंत्र बहुत कमजोर हुआ। आतंकवाद की कमर तोडने की बात करने वालों ने आज खुद उसी फैसले को वापस ले लिया गया है।

### विकास मंच थत्यूड़ ने अधिकारियों के समक्ष समस्याएं रखीं

नई टिहरी। जौनपुर विकास मंच थत्यूड़ के पदाधिकारियों ने जौनपुर ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अवगत करवाया। विकास मंच के अध्यक्ष रतनमणी भट्ट तथा अन्य पदाधिकारियों ने सहायक उद्यान अधिकारी सुंदरलाल शाह से क्षेत्र के काश्तकारों को अदरक के बीज उपलब्ध करने, बीडीओ सोहनलाल से ग्रामीणों का लंबित मनरेगा का भुगतान करने, बीईओ विनीता से विद्यालयों में शिक्षकों तैनाती करने की मांग की। लोनिवि के सहायक अभियंता से थत्यूड़ ढाणा सडक मार्ग का डामरीकरण करने की मांग की। मंच महामंत्री खेमराज भट्ट, महिपाल रावत, वीरेंद्र चौहान, श्याम सिंह चौहान, गुरुदयाल सिंह, विक्रम पडियार, गजेंद्र चौहान, रत्नमणी गौड़, अकबीर पंवार, जयेंद्र बिजल्वाण, अरविंद रावत, विजय गुसाईं, शैलेंद्र नौटियाल आदि ने इस संबंध में अधिकारियों को ज्ञापन भी दिया।

### पर्यटकों ने टिहरी झील में बोटिंग का लुप्त उठाया

नई टिहरी। टिहरी बांध की झील में इन दिनों पर्यटक बोटिंग और साहसिक खेलों का जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। रविवार को बड़ी संख्या में पर्यटक बोटिंग का लुत्फ उठाने टिहरी झील पहुंचे। आगामी दिनों में भी मौसम सुहावना रहा तो पर्यटकों की संख्या में और इजाफा होनी की उम्मीद है। बीते दिनों मौसम विभाग की ओर से बारिश और मौसम खराब की समय-समय पर चेतावनी जारी किये जाने से टिहरी झील में कम संख्या में पर्यटक पहुंच रहे थे, लेकिन बीते एक सप्ताह से चटक धूप खिलने और मैदानी क्षेत्रों में तापमान में हो रही वृद्धि के चलते बड़ी संख्या में पर्यटक पहाड़ों का रूख कर रहें हैं। गंगा भागीरथी बोट समिति के संरक्षक कुलदीप पंवार ने बताया कि रविवार को टिहरी झील में ऋषिकेश, हरिद्वार, देहरादून, उत्तर प्रदेश, हरियाणा सहित देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में पर्यटक बोटिंग का लुत्फ उठाने पहुंचे। पर्यटकों ने सामान्य बोट, स्पीड बोट, बनाना राइडिंग,वाटर स्कूटर, पैरासेलिंग का जमकर लुत्फ उठाया।

# अल्मोड़ा : पति बीमार पड़े तो टैक्सी चलकर घर चला रही ममता






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 22 मई : महिलाएं आज के टाइम में हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन ये भी सच है कि अब भी ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां महिलाओं का प्रतिनिधित्व बेहद कम दिखता है। सार्वजनिक परिवहन ऐसा ही क्षेत्र है। यही वजह है कि जब कोई महिला हिम्मत कर के ड्राइवर या कंडक्टर बनने का फैसला लेती है, तो हर लोग उसके जज्बे की तारीफ होती है, लोग उनकी मिसाल देते हैं। बागेश्वर के जैन रास की ममता जोशी ऐसी ही शख्सियत हैं, जिन्होंने कुमाऊं की दूसरी टैक्सी चालक बनकर महिलाओं के लिए एक मिसाल पेश की है। ममता ने इसी महीने परिवहन के क्षेत्र में कदम रखा है। वह जैन रास-बागेश्वर, बागेश्वर-काफलीगैर, बागेश्वर-अल्मोड़ा रूट पर टैक्सी चला रही हैं। ममता ओम शांति टूर एंड ट्रैवल्स नाम से टैक्सी का संचालन करती हैं। ममता को दूसरे करियर ऑप्शन छोड़कर टैक्सी चालक क्यों बनना पड़ा।

इसके पीछे भी एक कहानी है। 29 साल की ममता के पति सुरेश चंद्र जोशी ने लॉकडाउन के दौरान जॉब छोड़ दी थी। साल 2021 में उन्होंने बैंक से लोन लेकर टैक्सी खरीदी, सोचा था टैक्सी चलाएंगे, लेकिन सुरेश चंद्र अचानक बीमार पड़ गए। 4 महीने तक टैक्सी खड़ी रही, परिवार बैंक की किस्त भी नहीं दे पा रहा था। साल 2022 में ममता ने पति से कहा कि वो टैक्सी चलाना चाहती हैं। इसी के साथ ममता ने वाहन चलाने का प्रशिक्षण लेना शुरू कर दिया। 8 मई को उनका लाइसेंस भी बन गया और अब वो बिना किसी परेशानी के अपना काम कर रही हैं। ममता इंटर तक पढ़ी हैं। उनकी तीन साल की बेटी हरिप्रिया है। वो बेटी और सास-ससुर की देखभाल के लिए भी समय निकालती हैं। वो बताती हैं कि एक दिन में जैनकरास से बागेश्वर तक के तीन फेरे हो जाते हैं। वह किसी भी रूट पर गाड़ी चलाने के लिए तैयार हैं। बता दें कि कुछ महीने पहले रानीखेत की रेखा पांडे टैक्सी चलाने को लेकर चर्चा में आई थीं। रेखा ने उत्तराखंड की पहली महिला टैक्सी चालक का खिताब अपने नाम किया। अब ममता जोशी भी उनकी राह पर चल पड़े हैं। उनके हौसले को लोगों की खूब तारीफ मिल रही है।

# पूरे देश एवं विदेश में उत्तराखंड के ब्रांड के रूप में पहचाने जाने वाला "विरासत फेस्टिवल" आयोजित करवाने वाली संस्था "रीच" की स्वतंत्र इकाई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क






देहरादून - 21 मई 2023- "रीच टॉकीज दून फ़िल्म सोसाइटी" अच्छी फ़िल्मों की संस्कृति को देहरादून में विकसित करने के लिए आज राजपुर रोड स्थित इंदरलोक होटल में अंतर्राष्ट्रीय मूवी " टोक्यो स्टोरी" लोगों को दिखाई गई।इस मूवी की कहानी में दिखाया गया है कि एक उम्रदराज़ जोड़े, तोमी और सुकिची है जो टोक्यो में अपने दो वयस्क बच्चों से मिलने जाते हैं। इतने बरसों बाद अपने बच्चों से मिलने की लालसा एवं बहुत से संजोए हुए सपनों को लेकर जब वे लोग टोक्यो पहुंचते हैं तो देखते हैं कि उनके बच्चे अपने व्यस्त दिनचर्या से बहुत ही कम समय उनके लिए निकाल पाते हैं। बच्चों के घर में भी जगह ना होने के कारण कभी इधर कभी उधर भटकना पड़ता है और उनके बेटे के शादीशुदा जिंदगी में भी माता पिता के आने की वजह से खटपट शुरू हो जाती हैं और माता पिता के लिए उनके पुत्र के घर में जगह भी कम पड़ने लगता है। साधारण परिवारिक पृष्ठभूमि में जो हम आप देखते हैं वही सब उन दिनों इस मूवी के कलाकारों के साथ शुरू हो जाता है और वह परेशान होकर अपने बच्चे के घर छोड़ टोक्यो में इधर-उधर भटकने लगते हैं। इस मूवी में दिखाया गया है कि कैसे एक वृद्ध माता-पिता जो अपने बच्चों को पाल पोस कर एक डॉक्टर बनाया और उसे शहर भेज कर सुकून से अपने गांव में अपना जीवन व्यतीत कर रहे थे परंतु जब वे इतने वर्षों बाद उन्हीं संतानों के बेरुखी को इस कदर देखते हैं तो बहुत ही निराश होते हैं। ऐसा लगता है कि शहर के आपाधापी वाले जिंदगी में लोग अब सब कुछ भूलते जा रहे हैं ना रिश्ते नातों की कोई कदर है और ना ही किसी के अरमानों की किसी को फिक्र है। समाज के बदलते दौर में अब वृद्ध व्यक्ति के लिए आश्रय ढूंढना बहुत ही मुश्किल होता जा रहा है। यह फिल्म आधुनिक समय के पारिवारिक हालात और लाचार जिंदगी को दिखाता है।

इस फिल्म को एक नाटक के रूप मे निखाया गया है और इसकी मूल भाषा जापानी है। जिसे 3 नवंबर 1953 में रिलीज़ की गई थी और इस फिल्म कि कहानी को 2 घंटे 14 मिनट तक दिखाई गई है।निदेशक यासुजीरो ओज़ू एक जापानी फिल्म निर्देशक और पटकथा लेखक थे। उन्होंने मूक फिल्मों के युग के दौरान अपने करियर की शुरुआत की और उनकी आखिरी फिल्में 1960 के दशक की शुरुआत में रंगीन बनीं। 1930 के दशक में अधिक गंभीर विषयों की ओर मुड़ने से पहले, ओज़ू ने पहली बार कई लघु हास्य फ़िल्में बनाईं। ओज़ू के काम के सबसे प्रमुख विषयों में परिवार और विवाह हैं, और विशेष रूप से पीढ़ियों के बीच संबंध हैं। उनकी सबसे व्यापक रूप से लोकप्रिय फिल्मों में लेट स्प्रिंग (1949), टोक्यो स्टोरी (1953) और एन ऑटम आफ्टरनून (1962) शामिल हैं।

रीच टॉकीज चाहती है कि जो देहरादून शहर में फिल्म में रुचि रखते हैं वे इसके माध्यम से मेम्बर बन कर हर रविवार को सुबह 11:00 बजे होटल इंद्रलोक में आकर ऐसे फिल्म का आनंद ले सकते हैं। सिनेमाप्रेमी १५००/- में एक व्यक्ति सालभर में ५४ ऐसी फ़िल्में देख सकते हैं जो कि विश्व भर में सम्मानित हैं।

**रीच टॉकीज दून फ़िल्म सोसाइटी के बारे में...**

रीच टॉकीज की शुरुआत पंद्रह साल पहले आर के सिंह और कर्नल खुल्लर के द्वारा की गई थी। स्व.कर्नल सुभाष चंद्र खुल्लर इसके संस्थापक प्रेसिडेंट थे जिन्होंने एक जुनून से इसको आंदोलन के रूप में स्थापित किया। उनके असामयिक निधन के पश्चात अविनाश सक्सेना ने इसे सम्भाला और हर सप्ताह एक से एक फ़िल्म निर्देशकों की फिल्मों को चुन कर लोगों तक लाते रहे। अब इसके सेक्रेटरी मोहित डाँग हैं और प्रेसिडेंट श्रीमती शोभना खुल्लर हैं जिन्होंने इसको कोविड महामारी के पश्चात पूर्जीवित किया है।रीच इसकी शाखाएँ प्रदेश के अन्य शहरों और उनकी शिक्षण संस्थानों में भी खोलना चाहती है ताकि युवा पीढ़ी फ़िल्म आंदोलन की तरफ़ आकर्षित हो।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें- विकास कुमार-9905239087

## संपादकीय



# यह नोटबंदी नहीं है

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2000 रुपए का 'गुलाबी नोट' बंद कर दिया है। भविष्य में यह नोट चलन में नहीं होगा। अलबत्ता 30 सितंबर, 2023 तक देशवासी बैंकों में जाकर इस नोट को बदलवा सकते हैं अथवा अपने खाते में जमा कर सकते हैं। एक बार में 2000 रुपए के 10 नोट, यानी 20,000 रुपए, ही बदलवाए जा सकेंगे। खाते में कितनी भी राशि जमा की जा सकेगी। सिर्फ 'केवाईसी' की औपचारिकता पूरी करनी होगी। 'गुलाबी नोट' से जुड़ी बैंकों की प्रक्रिया 23 मई से शुरू होगी। फिलहाल सितंबर के बाद भी 2000 का नोट 'मान्य' होगा, ऐसा आरबीआई के शीर्ष अधिकारियों का कहना है। यह नोटबंदी इसलिए नहीं है, क्योंकि हमारे देश की करीब 10.8 फीसदी मुद्रा ही 2000 के नोट के रूप में है। जब प्रधानमंत्री मोदी ने 8 नवम्बर, 2016 की रात्रि 8 बजे नोटबंदी की घोषणा की थी और रात्रि 12 बजे से ही 500 और 1000 रुपए के नोट 'कागज का टुकड़ा' हो गए थे, तब 86 फीसदी से अधिक मुद्रा के चलन पर असर पड़ा था। हालांकि तब भी 100, 50, 20 और 10 रुपए के नोट चलन में थे। फिर भी नकदी के संकट की भरपाई के लिए 2000 रुपए का नोट शुरू किया गया था। आरबीआई अब स्पष्ट कर रहा है कि 2000 का नोट 'अस्थायी बंदोबस्त' था। केंद्रीय बैंक ने बहुत पहले 'गुलाबी नोट' को वापस लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी, लिहाजा 2018-19 के बाद एक भी 'गुलाबी नोट' नहीं छापा गया। बीती मार्च, 2023 में 2000 के 181 करोड़ नोट ही चलन में बचे थे, जिनका कुल मूल्य 3.62 लाख करोड़ रुपए बनता है। देश की करीब 3.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में यह राशि नगण्य है। बहरहाल नोटबंदी या नोटबदली आरबीआई के अधिकार-क्षेत्र की प्रक्रिया है। कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान 2013 में कुछ नोटों की सीरिज वापस ले ली गई थी। कोई हंगामा नहीं मचा। कोई सियासी दुष्प्रचार नहीं किया गया। अब तो प्रधानमंत्री मोदी की पढ़ाई पर सवाल किए जा रहे हैं। केजरीवाल और उनकी पार्टी को ज्यादा ही चिंता है। वे इसे 'राष्ट्रीय संकट' करार देने के मूड में हैं। पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री चिदंबरम ने कहा है कि मूर्खता छिपाने के लिए यह 'गुलाबी नोट' लाया गया था। नोटबंदी का समग्र मामला सर्वोच्च अदालत तक पहुंचा। न्यायिक पीठ ने न तो इसे 'अवैध' करार दिया और न ही सरकार के आर्थिक निर्णय में कोई हस्तक्षेप किया।

दैनिक न्यूज़ वायरस

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# उत्तराखंड के 6 जिलों की मुश्किलें बढ़ाएगा मौसम ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



उत्तराखंड 22 मई : मैदानी इलाकों में इन दिनों चिलचिलाती गर्मी पड़ रही है। दोपहर के वक्त बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है। गर्मी से राहत पाने के सारे जतन फेल साबित हो रहे हैं। इस बीच मौसम विभाग ने एक राहत भरी सूचना दी है।

उत्तराखंड के छह जिलों में बारिश के आसार हैं। अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग की ओर से इसे लेकर पूर्वानुमान जारी किया गया है। इसके अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश के साथ तेज गर्जना और बिजली चमकने के आसार हैं। मैदानी इलाकों में लोग मौसम में बदलाव होने का इंतजार कर रहे हैं, यह इंतजार अगले हफ्ते तक खत्म हो सकता है। इस दौरान प्रदेशभर में बारिश की संभावना है। गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम ही है। प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। जिन जिलों में मौसम खराब रहेगा, उनमें से तीन जिले चारधाम यात्रा का केंद्र हैं। बारिश के चलते यात्रा पर आने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बारिश के चलते भूस्खलन और रोड ब्लॉक की घटनाएं हो सकती हैं। ऐसे में यात्रियों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। यात्रियों को मौसम से जुड़ी जानकारी लेने के बाद ही यात्रा जारी रखने को कहा गया है। आगामी 22 मई और उसके बाद मौसम विभाग की ओर से बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान का पूर्वानुमान भी जारी किया गया है।

# तीन दिवसीय 'गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट-2023' का हुआ समापन

नैनीताल। राजभवन गोल्फ क्लब नैनीताल द्वारा 19 मई से आयोजित तीन दिवसीय ''गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट-2023'', रविवार को सम्पन्न हो गया। इस टूर्नामेंट में देश के विभिन्न हिस्सों से 125 गोल्फरों ने हिस्सा लिया। राजभवन नैनीताल में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में राज्यपाल/अध्यक्ष राजभवन गोल्फ क्लब, लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) द्वारा टूर्नामेंट में विभिन्न वर्गों के विजेताओं व उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया। 18वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के ओवर ऑल विजेता/चैंपियन दिनेश पंवार रहे। टूर्नामेंट में उपविजेता आशीष जैन घोषित हुए। विजेता बेस्ट नेट विशाल बंसल और उपविजेता ग्रुप कैप्टन विवेक रावत रहे। टूर्नामेंट में पहली बार होल इन वन का खिताब तीन गोल्फरों, टी पी सिंह, विकास टंडन और राघव कारला को मिला। सुपर वेटरन ग्रास कैटेगरी में कर्नल एस सी गुप्ता विजेता रहे और सुपर वेटरन रनर बेस्ट नेट में कर्नल यू सी कोठारी विजेता रहे। महिला कैटेगरी में डॉ0 . सृष्टी धौन विजेता और सुजाता कादयान उपविजेता रही। वेटरन ग्रॉस कैटेगरी में मयंक गुप्ता विजेता रहे। वेटरन नेट कैटेगरी में ग्रुप कैप्टन एन पी सिंह विजेता रहे। विजेन्द्र जीत सिंह तोमर और रुसांक सिजवाली को उदीयमान गोल्फर का खिताब दिया गया। मेधांश एस बिष्ट को सबसे होनहार गोल्फर का खिताब मिला। प्रतियोगिता में 15-18 आयु वर्ग में विजेता राघव कालरा रहे। (12-15) आयु वर्ग में प्रथम विवान अग्रवाल और 12 वर्ष से कम आयु वर्ग में मोहम्मद माज मंसूर विजेता घोषित किए गये।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने विजेता गोल्फरों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी गोल्फरों ने यहां गोल्फ खेलने के साथ-साथ यहां की प्राकृतिक सुंदरता का आंनद अवश्य लिया होगा। राज्यपाल ने कहा कि देश के विभिन्न भागों से आए गोल्फ खिलाड़ी और उनके परिजन सही मायनों में उत्तराखंड पर्यटन के ब्रांड ऐम्बेसडर हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि जब वे नैनीताल से वापस अपने घरों को जाएंगे तो यहां के प्राकृतिक सौंदर्य, यहां की की खूबसूरती, यहां के अतिथ्य के बारे में और लोगों को बताएंगे, उन्हें उत्तराखंड का भ्रमण करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस गोल्फ प्रतियोगिता का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य नैनीताल सहित उत्तराखण्ड के पर्यटन का प्रचार-प्रसार करना है।

# मानसिक स्वास्थ्य का ख़ास ध्यान रखे : डॉ याशना सिंह

## सफलता के लिए थोड़ा स्ट्रेस लेना भी ज़रूरी : डीजीपी अशोक कुमार

■ हम खुद स्ट्रेस फ्री होंगे तभी औरों को खुश रख सकेंगे : तृप्ति जुयाल सेमवाल

■ मेगा वर्कशॉप में पेनलिस्ट्स एवं छात्रों के मध्य संवाद में रही चर्चा

**मो.सलीम सैफी**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। दैनिक अमर उजाला और वंडरवैल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को पुलिस लाइन के ऑडिटोरियम में आयोजित मेघा वर्कशॉप के दौरान सभागार में मौजूद समस्त छात्र व पैनलिस्ट मानसिक स्वास्थ्य को ले कर खासे जागरूक देखें।

कार्यक्रम की शुरुआत वंडरवैल फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ याशना बाहरी सिंह एवं अमर उजाला के मार्केटिंग हेड देवेंद्र सिंह ने एवं कार्यक्रम में मौजूद सभी पैनलिस्ट जिनमें माया ग्रुप ऑफ़ कॉलेज की एमडी तृप्ति जुयाल सेमवाल, डॉ जसलीन कालरा शर्मा, चाइल्ड साइको-लॉजिस्ट एनी सिंह, सेंटेरियो डिफेंस एकेडमी के डायरेक्टर शिशिर दीक्षित एवं समाजसेवी आशा टम्टा मौजूद थे ने दीप प्रज्जवलन कर की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीजीपी अशोक कुमार मौजूद रहे। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव छात्रों से साझा किए और उनको साइबर क्राइम से भी सतर्क रहने के टिप्स दिए।

**मोबाइल फ़ोन का एडिक्शन बच्चों के लिए बहुत ख़तरनाक,चिड़चिड़ापन मानसिक रोग का प्रतीक : डॉ जसलीन कालरा**

कार्यक्रम के दौरान डॉ याशना बाहरी सिंह ने सभागार में मौजूद सभी छात्रों को स्ट्रेस मैनेजमेंट के टिप्स दिए एवं छात्रों को स्ट्रेस मैनेजमेंट की एक्सरसाइज बताई। डॉक्टर याशना ने कार्यक्रम की सफलता का श्रेय अमर उजाला को देते हुए कहा कि उन्हें बहुत खुशी है इस बात की कि यहां आज ईद मेगा इवेंट में बहुत सारे ऐसे स्टूडेंट्स है और छात्र है जो जो सामने से इस बात पर चर्चा कर रहे हैं बहुत अगर है और साथ ही अब इसको एक टैबू नहीं समझते हैं। कार्यक्रम में बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर आर्टिस्ट वंदिता, न्यूज वायरस नेटवर्क के चेयरपर्सन सलीम सैफी मौजूद थे।




**वंडरवैल फाउंडेशन एवं अमर उजाला के संयुक्त तत्वाधान में आज पुलिस लाइन रिपोर्ट पुलि1स ऑडिटोरियम में आयोजित मेगा वर्कशॉप में माया ग्रुप ऑफ़ कॉलेज , सेंचुरियन डिफेंस एकेडमी, गुरुनानक एकेडमी , राम प्यारी इंटर कॉलेज के छात्रों ने किया प्रतिभाग**

कार्यक्रम का संचालन कर रही डॉ प्राची चंद्रा नीरा ने सभी वक्ताओं से मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा की। कार्यक्रम में प्रियांश सिंह नव्या अदलक्खा , नक्श अदलक्खा अनाहिरा वर्मा , कायरा गुलाटी, अद्विक अरोड़ा, तविशी नागलिया आदि बच्चों ने अपनी कविता पाठ कर प्रस्तुति दी वहीं पूजा कपूर नूपुर राणा संगीता वर्जिनिया लावण्या मिनी माथुर ने भी अपनी अपनी कविताएं पढ़ी। कार्यक्रम में गुरु नानक कॉलेज सेलेरियो डिफेंस एकेडमी एवं माया ग्रुप ऑफ कॉलेज, राम प्यारी इंटर कॉलेज सेंट जोसेफ एकेडमी के छात्रों ने अपनी अपनी प्रस्तुतियां दी।













